**परिक्षेत्रीय कार्यालय,**
**परिक्षेत्र बस्ती**

**प्रेस नोट**
**दिनांक – 21-03-2026**

- **ईद-उल-फितर के पावन अवसर पर कमिश्नर व डीआईजी बस्ती द्वारा किया गया पैदल गश्त।**
- **संबंधित को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश।**

आज दिनांक 21.03.2026 को पावन पर्व ईद-उल-फितर के अवसर पर परिक्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु कमिश्नर बस्ती मण्डल श्री अखिलेश सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा पुलिस बल के साथ मुख्य स्थलों (दक्षिण दरवाजा से करुआ बाबा तक)का पैदल भ्रमण किया गया।

भ्रमण के दौरान भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पार्किंग एवं साफ-सफाई व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया गया। संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की गई थी। मस्जिद कमेटी के पदाधिकारियों, धर्मगुरुओं एवं स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित करते हुए आपसी भाईचारा, शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की गयी तथा सभी से प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने हेतु बताया गया। आमजन के सहयोग से यह पर्व हर्षोल्लास एवं भाईचारे के साथ मनाया गया।

**मीडिया सेल**
**परिक्षेत्र बस्ती**